दिन– मंगलवार दिनांक– 30 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. राज्य में लोकसभा चुनाव के विभिन्न चरणों के लिए प्रचार अभियान जोर–शोर से जारी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव आज अलग–अलग निर्वाचन क्षेत्रों में रोड–शो और जनसभाएं करेंगे।

02. एमपीएमएलए कोर्ट ने मशरख के पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह को हत्या के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

03. प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने आज और कल पूर्वी चंपारण, नवादा, खगड़िया और बांका समेत छह जिलों में भीषण लू का रेड अलर्ट जारी किया।

04. और, भागलपुर जिले के घोघा थाना क्षेत्र में गिट्टी लदे हाईवा की चपेट में आने से छह लोगों की मौत। तीन अन्य गंभीर रूप से घायल।

---

राज्य में लोकसभा चुनाव के विभिन्न चरणों के लिए प्रचार अभियान जोर–शोर से जारी है। भीषण गर्मी और लू के बावजूद स्टार प्रचारक राज्य के अलग–अलग हिस्सों में लगातार चुनावी रैलियां कर रहे हैं। जनता दल यूनाईटेड के प्रमुख और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज झंझारपुर,मधेपुरा औरसुपौल निर्वाचन क्षेत्रों में रोड–शो और जनसभाएं करेंगे। दूसरी तरफ, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी आज सीवान, सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सुपौल और मधेपुरा में जनसभा को संबोधित करेंगे।

---

लोकसभा चुनाव के पाँचवें और छठे चरण के मतदान के लिए नामांकन पत्र भरने का काम जारी है। कल छठे चरण के लिए कुल छह प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये। इनमें पूर्वी चंपारण संसदीय क्षेत्र से भाजपा के राधामोहन सिंह, शिवहर लोकसभा क्षेत्र से जदयू की लवली आनंद और वैशाली लोकसभा क्षेत्र से लोजपा, रामविलास की प्रत्याशी वीणा देवी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इस चरण के तहत वाल्मीकिनगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र में पच्चीस मई को मतदान होगा। नामांकन की अंतिम तिथि

छह मई है। वहीं, पांचवें चरण के लिए कल विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में कुल पंद्रह प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इनमें सारण लोकसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य और हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र से शिवचंद्र राम ने नामांकन किया। वहीं, सीतामढ़ी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के बागी श्याम नंदन किशोर ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया। पाँचवे चरण के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि तीन मई है।

———————————————————————————————

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए पचपन उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गये हैं। कल नाम वापसी के अंतिम दिन मुंगेर संसदीय क्षेत्र से एक उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र वापस लिया। इस चरण के तहत उजियारपुर संसदीय क्षेत्र मे सबसे अधिक तेरह उम्मीदवार, जबकि दरभंगा मे सबसे कम आठ उम्मीदवार अपनी चुनावी किस्मत आजमा रहे हैं। समस्तीपुर और मुंगेर संसदीय क्षेत्र में बारह–बारह उम्मीदवार, वहीं, बेगूसराय संसदीय क्षेत्र में दस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। चौथे चरण का मतदान तेरह मई को होगा।

———————————————————————————————

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन– क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात समस्तीपुर लोकसभा सीट की। समस्तीपुर बिहार के उन पांच संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों में से एक है, जहां चौथे चरण में तेरह मई को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

इस बार समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र का राजनीतिक परिदृश्य पूरी तरह बदला हुआ है। लोक जनशक्ति पार्टी में हुई टूट के बाद प्रिंस राज अपने चाचा पशुपति कुमार पारस की राष्ट्रीय लोक जन शक्ति पार्टी में चले गए। एन डी ए में सीट बंटवारे के तहत राष्ट्रीय लोक जन शक्ति पार्टी को इसबार एक भी सीट नहीं मिली। समस्तीपुर सीट चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के खाते में गई। पार्टी ने यहां से जद यू नेता और राज्य सरकार में मंत्री अशोक चौधरी की बेटी शांभवी चौधरी को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं, इंडी गठबंधन से कांग्रेस ने जद यू नेता और राज्य सरकार में मंत्री महेश्वर हजारी के पुत्र सन्नी हजारी को टिकट दिया है। इस बार इस सीट की लड़ाई जद यू के दो कद्दावर नेताओं के संतानों के बीच है। मुकाबला काफी दिलचस्प होने की संभावना है। भौगौलिक दृष्टि से देखें तो समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र में 6 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें से चार विधानसभा क्षेत्र समस्तीपुर और दो विधानसभा क्षेत्र दरभंगा जिले में आते हैं। दरभंगा जिले में आने वाले कुशेश्वर स्थान विधानसभा सीट पर जद यू जबकि हायाघाट पर भाजपा का कब्जा है। वहीं, समस्तीपुर जिले में आने वाले कल्याणपुर और वारिसनगर सीट पर जद यू और रोसड़ा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक हैं। समस्तीपुर विधानसभा सीट पर राजद का कब्जा है। चुनावी मुद्दों की बात करें तो कृषि प्रधान समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र में उद्योग धंधों की स्थापना लोगों की पुरानी और प्रमुख मांग रही है। इसके अलावा रोसड़ा को जिला का दर्जा देना भी आम लोगों की एक प्रमुख मांग है। एन डी ए उम्मीदवार शांभवी चौधरी जहां केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जा रही हैं वहीं इंडी गठबंधन के उम्मीदवार सन्नी हजारी कांग्रेस के एजेंडे को लेकर मतदाताओं को गोलबंद करने में जुटे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए समस्तीपुर से कृष्ण कुमार।

———————————————————————————————————————————

प्रदेश में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए विभिन्न संसदीय क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। इसके तहत मुंगेर जिले के बरियारपुर प्रखंड में स्वीप आइकॉन श्रीजा सेन गुप्ता ने सीआरसी और जीविका दीदियो के साथ मानव श्रृंखला के माध्यम से लोगों से मतदान की अपील की। वहीं, पटना के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने मतदान प्रतिशत बढाने के लिए चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की।

———————————————————————————————————————————

एमपीएमएलए कोर्ट ने मशरख के पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह को हत्या के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पूर्व विधायक पर विभिन्न धाराओं के तहत बीस–बीस हजार रूपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। गौरतलब है कि अट्ठाईस वर्ष पहले पानापुर में एक व्यवसायी की हत्या के मामले में तारकेश्वर सिंह को दोषी पाया गया था।

———————————————————————————————————————————

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने आज और कल पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, नवादा, शेखपुरा, खगड़िया, भागलपुर और बांका समेत छह जिलों में कुछ स्थानों पर भीषण लू का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, सीवान, शिवहर, दरभंगा, सुपौल, भोजपुर और लखीसराय समेत पंद्रह जिलों में लू को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। दूसरी तरफ, तीन जिलों बक्सर, मधेपुरा और सहरसा में कुछ स्थानों पर लू का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक एस. के. पटेल ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान दक्षिण बिहार के ज्यादातर हिस्सों में अधिकतम तापमान बयालीस डिग्री से चौवालीस डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान चौवालीस डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ शेखुपरा प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, भागलपुर और पूर्णिया में भीषण लू की स्थिति देखी गयी। राजधानी पटना में भी कल पहली बार लू की

स्थिति रही। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दो मई तक प्रदेशवासियों के लिए भीषण गर्मी से राहत के आसार नहीं है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से तीन मई से लोगों को गर्मी से मामूली राहत मिलने की संभावना है। इस दौरान कई जिलों में हल्की बारिश का भी पूर्वानुमान है। इधर, भीषण गर्मी और लू के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग ने सभी अस्पतालों को चौबीस घंटे अलर्ट पर रहने के निर्देश दिये हैं। राज्य स्वास्थ्य समिति ने सभी सिविल सर्जन और चिकित्सा पदाधिकारियों को पत्र भेजकर अस्पतालों में सभी तैयारियां सुनिश्चित करने को भी कहा है। राजकीय आर्युवेद कॉलेज अस्पातल, पटना के उपाधीक्षक डॉ. अरूण कुमार सिंह ने भीषण गर्मी से बचाव के लिए लोगों को लगातार पानी और स्वास्थ्यवर्धक पेय पदार्थ का सेवन करने की सलाह दी है।

———बाईट———

———————————————————————————————————

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग— राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा—यूजीसी नेट अब इस वर्ष अठारह जून को होगी। पहले यह परीक्षा सोलह जून को निर्धारित थी। यूपीएससी सिविल सेवा दो हजार चौबीस की प्रारंभिक परीक्षा की तिथि से टकराने के कारण उम्मीदवारों की सुविधा के लिए आयोग ने यह फैसला लिया है। यूजीसी—नेट विश्वविद्यालयों ओर कॉलेजों में जूनियर रिसर्च फेलोशिप और सहायक प्रोफेसर के नियुक्ति के लिए पात्रता परीक्षा है।

———————————————————————————————————

राज्य के अस्पतालों और स्वास्थ्य केन्द्रों में दस हजार एएनएम की बहाली का रास्ता साफ हो गया है। पटना उच्च न्यायालय के आदेश के बाद अब एनएनएम की बहाली मैट्रिक, इंटर और नर्सिंग के अंकों के आधार पर ही होगी। मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रण और न्यायमूर्ति हरीश कुमार की खंडपीठ ने एकल पीठ के फैसले को बरकरार रखते हुए राज्य सरकार द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव की अपील को खारिज कर दिया।

———————————————————————————————————

भागलपुर जिले के घोघा  थाना क्षेत्र में गिट्टी लदे हाईवा की चपेट में आने से छह लोगों की मौत हो गयी, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। प्राप्त जानकारी

के अनुसार कल देर रात आमापुर गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या– अस्सी पर एक हाईवा के पलट जाने से तीन चार पहिया वाहनों के इसके नीचे दब जाने से यह हादसा हुआ। घायलों को उपचार के लिए मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

————————————————————————————————

पटना में अनुमण्डल पदाधिकारी, दानापुर प्रदीप सिंह और एएसपी दीक्षा के नेतृत्व में अग्नि सुरक्षा के संबंध में दानापुर के कई होटल और अन्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान नियमों के अनुपालन नहीं करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ संबंधित थानाध्यक्ष और अग्निशाम पदाधिकारी को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये।

————————————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के ठकराहा थाना क्षेत्र के जगीराहा पंचायत मे अगलगी की घटना में दो लोगों की झुलसने से मौत हो गयी, जबकि चार की हालत गंभीर बनी हुयी है।

————————————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने लोकसभा चुनाव प्रचार से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की प्रमुख खबर है– बेगूसराय–झंझारपुर की सभा में विपक्ष पर बरसे गृह मंत्री अमित शाह। कहा– मोदी फिर पीएम बने तो खत्म होगा जातिवाद और भ्रष्टाचार।

**प्रभात खबर** लिखता है– भागलपुर में बारातियों से भरी तीन स्कॉर्पियों पर पलटा छर्री लदा हाईवा, छह की गयी जान।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है– डीजीसीए ने बेस प्राईस से हटाई सात सर्विस, हवाई किराया कम होगा।

**दैनिक जागरण** की बड़ी खबर है– कोविशील्ड वैक्सिन से जम सकता है खून का थक्का। एस्ट्राजेनिका ने ब्रिटेन के हाईकोर्ट को सौंपे दस्तावेज में वैक्सिन से दुष्प्रभाव को स्वीकारा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर...........

01. राज्य में लोकसभा चुनाव के विभिन्न चरणों के लिए प्रचार अभियान जोर–शोर से जारी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव आज अलग–अलग निर्वाचन क्षेत्रों में रोड–शो और जनसभाएं करेंगे।

02. एमपीएमएलए कोर्ट ने मशरख के पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह को हत्या के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

03. प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने आज और कल पूर्वी चंपारण, नवादा, खगड़िया और बांका समेत छह जिलों में भीषण लू का रेड अलर्ट जारी किया।

04. और, भागलपुर जिले के घोघा थाना क्षेत्र में गिट्टी लदे हाईवा की चपेट में आने से छह लोगों की मौत। तीन अन्य गंभीर रूप से घायल।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।